8. गिनती

हिंदी भाषा पढ़ने वालों को हिंदी की गिनती या संख्या का ज्ञान होना अति आवश्यक है। हिंदी भाषा के अंकों की बनावट को समझने में प्रारंभ में बच्चों को थोड़ी असुविधा होती है परंतु बारंबार अभ्यास से बच्चे इसमें कुशल हो जाते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को शब्दों और हिंदी अंकों में गिनती लिखना सिखाएँ।
- ❖ पहले हिंदी अंक लिखें फिर उसके सामने शब्दों में गिनती लिखें।
- ❖ पहले 1-10 तक के हिंदी अंकों की बनावट सिखाने पर ज़ोर दें। 1-10 तक के हिंदी अंक सीखने के बाद बच्चे स्वत: ही 10 से 50 तक के हिंदी अंक लिखने में सक्षम हो जाएँगे।
- ❖ हिंदी अंकों के साथ-साथ शब्दों में अंकों को लिखना सिखाएँ। अंकों का लेखन के साथ-साथ उच्चारण भी सटीक करवाते जाएँ।
- ❖ अंकों के शब्द रूप में मात्राओं के उच्चारण तथा लेखन पर विशेष ध्यान दें।
- ❖ प्रत्येक बच्चे पर अपना ध्यान बनाए रखें। बच्चों को भली प्रकार से संख्याओं से परिचित कराएँ।
- ❖ अभ्यास करवाने में बच्चों की यथोचित सहायता करें।